# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10जनवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में निजी इलेक्ट्रिक वाहन कारखाने का किया उद्घाटन। कहा– सरकार के प्रयासों से निवेशकों का बढ़ा विश्वास।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री एच डी कुमार स्वामी भी हुए कार्यक्रम में शामिल। मुख्यमंत्री ने कहा– प्रदेश के पास है बेहतर निवेश नीति।
- आज प्रयागराज के दौरे पर रहेंगे मुख्यमंत्री। माघ मेला का जायजा लेने के साथ साधु–संतों से करेंगे मुलाकात।
- रक्त सम्बन्धी मामले में स्टाम्प ड्यूटी से छूट देने की अधिसूचना जारी। पारिवारिक सदस्यों को सम्पत्तियों का पांच हजार रूपये में किया जा सकेगा दान विलेख।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल लखनऊ में एक निजी इलेक्ट्रिक वाहन कारखाने का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय भारी उद्योग व इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई नियमों को सरल बनाते हुए आवश्यक कदम उठाए हैं, जिससे निवेशकों और व्यवसायों का विश्वास बढ़ा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन सरकार ने एक नीति बनाई है जिससे राज्य रक्षा उत्पादन का केंद्र बनता जा रहा है।

***मारा भारत अपने हथियार खुद बना रहा है और मैं समझता हूं उत्तर प्रदेश में इसमें लगातार आगे बढ़ता जा रहा है और हमारे उत्तर प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश में विकास के इस काम को इस तेजी से आगे बढ़ाने के लिए एक नई नीति बनाई है जो मुझे बतलाया गया है। उस नीति उस पॉलिसी का नाम है उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस एंड डिफेंस यूनिट एंड एंप्लॉयमेंट प्रमोशन पॉलिसी। इसका सीधा मतलब यह है कि अब उत्तर प्रदेश को ऐसा राज्य बनाया जा रहा है जहां सेना के लिए साजो–समान बड़े पैमाने पर बनेंगे।***

उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस विनिर्माण इकाई के बाद भारी उद्योगों में निवेश के क्षेत्र में इस इलेक्ट्रिक वाहन कारखाने की शुरूआत एक महत्वपूर्ण कदम है। रक्षा मंत्री ने कहा कि विकसित भारत का रास्ता, विकसित उत्तर प्रदेश से होकर ही जाता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह प्लांट मेक इन इंडिया के साथ ही आत्मनिर्भर भारत के संकल्पों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पास एक बेहतर निवेश नीति है जिसके चलते कोई भी निवेशक यहां निवेश कर सकता है।

***उत्तर प्रदेश के अंदर 34 सेक्टरियल पॉलिसीज हैं, जिसके माध्यम से कोई भी निवेशक आकर के हर एक सेक्टर में अपना निवेश कर सकता है और उस निवेश के माध्यम से उत्तर प्रदेश के विकास की इस यात्रा में अपना योगदान दे सकता है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने देश की आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर भारत वासियों के सामने विजन 2047 रखा था। विजन 2047 हर भारतवासी का संकल्प वर्ष है।***

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री एच डी कुमार स्वामी ने कहा कि इस प्लांट के उद्घाटन से न सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत न सिर्फ मेक इन इंडिया पर अमल कर रहा है बल्कि आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य को पूरा कर रहा है।

सत्तर एकड़ भूमि पर दो सौ अट्ठावन करोड़ रूपये की लागत से इस कारखाने का संचालन डेढ़ साल में शुरू किया गया है। यहां एक वर्ष में दो हजार पांच सौ इलेक्ट्रिक वाहन का निर्माण होगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रयागराज के दौरे पर रहेंगे। इस अवसर पर वह सतुआ बाबा के शिविर में पहुंच कर जगद्गुरु रामानन्दचार्य के सात सौ छब्बीसवें जन्मोत्सव में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री साधु–संतों से मुलाकात के बाद अधिकारियों के साथ बैठक कर माघ मेला, विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा भी करेंगे। प्रयागराज दौरे पर मुख्यमंत्री का विधि विश्वविद्यालय भ्रमण भी प्रस्तावित है।

**********

संसद का बजट सत्र अट्ठाइस जनवरी से शुरू होगा और दो अप्रैल तक चलेगा। केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि बजट सत्र का पहला चरण तेरह फरवरी को समाप्त होगा। दूसरा चरण नौ मार्च को शुरू होगा। श्री रिजिजू ने बताया कि केंद्र सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बजट सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों की बैठक आयोजित करने की मंजूरी दे दी है।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने वर्ष दो हजार तेइस की समीक्षा अधिकारी–सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। इकतीस जनवरी और एक फरवरी के पूर्व में प्रस्तावित रही परीक्षा अब दो और तीन फरवरी को होगी।

**********

रक्त सम्बन्धी मामले में स्टाम्प ड्यूटी से छूट देने से जुड़ी अधिसूचना स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के प्रमुख सचिव की तरफ से जारी कर दी गयी है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुयी कैबिनेट की बैठक में दान विलेख पर स्टाम्प ड्यूटी से सशर्त छूट देने का निर्णय किया था। इससे अब आवासीय और कृषि के साथ ही व्यावसायिक सम्पत्तियों का भी मात्र पांच हजार रूपये में पारिवारिक सदस्यों के पक्ष में दान विलेख किया जा सकेगा।

**********

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इसका शुभारंभ किया था। प्रगति ने प्रमुख ढांचागत परियोजनाओं और जन शिकायतों की वास्तविक समय में निगरानी तथा समाधान को सक्षम बनाकर शासन व्यवस्था में क्रांति ला दी है। विशेष श्रृंखला में आज महिला और बाल विकास मंत्रालय की मातृत्व लाभ योजना–प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर एक रिपोर्ट–

***प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का उद्देश्य गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को सहायता प्रदान करना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रगति बैठक के माध्यम से इस योजना की विस्तार से समीक्षा की इस योजना के तहत महिलाओं को पहले बच्चे के लिए 5000 रुपये और दूसरी संतान अगर लड़की होती है तो 6000 की आर्थिक सहायता दी जाती है। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने सभी मंत्रालयों और विभागों को निर्देश दिया कि लाभार्थियों की पहचान आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से की जाए। जनवरी 2017 में शुरू हुई इस योजना के तहत अब तक 4 करोड़ से अधिक महिलाओं को 20000 करोड रुपए से ज्यादा की मातृत्व सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में दी जा चुकी है। प्रगति बैठक के बाद पिछले साल 21 में से सभी नए पंजीकरण के लिए फैसियल रिकॉग्निशन सिस्टम के माध्यम से बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। इस प्रणाली के जरिए अब तक 23 लाख से अधिक लाभार्थियों का पंजीकरण हो चुका है। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कल आगरा में कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम ग्रामीण क्षेत्र का कायाकल्प करने वाला है। उन्होंने कहा कि गांवों को तीन श्रेणियां में विभाजित किया गया है।

***गांव को तीन श्रेणियों में ए, बी और सी श्रेणी में बांटने का काम किया जाए। अर्थात श्रमिकों के रोजगार के दिन में कमी नहीं हुई, उसमें 25 दिन की बढ़ोतरी हुई है। दूसरा, गांव का विकास करना है तो ए, बी, सी तीन श्रेणी में उसको बांटने का एक यह लक्ष्य लिया गया है। तीसरा, पीएम गति शक्ति से जी राम जी योजना को जोड़ा गया है।***

उधर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अयोध्या में कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास को नई मजबूती मिलेगी।

**********

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन–डीआरडीओ ने हाइपरसोनिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए ठंडा किए गए दीर्घकालिक स्क्रैमजेट इंजन का सफल जमीनी परीक्षण किया है। हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक यानी छः हजार एक सौ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरने में सक्षम है। कंबस्टर और परीक्षण सुविधा का डिजाइन और विकास डीआरडीएल और उद्योग भागीदारों ने साकार किया था। इस परीक्षण ने भारत को उन्नत एयरोस्पेस क्षमताओं में अग्रणी स्थान में ला दिया है। परीक्षण की सफलता पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि यह उपलब्धि देश के हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल विकास कार्यक्रम के लिए एक ठोस आधार है।

**********

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद आज गौतमबुद्धनगर में गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में पन्द्रह जनवरी तक चलने वाले ड्रोन तकनीक में नवाचार और अनुसंधान से सम्बन्धित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का शुभारम्भ करेंगे।

**********

प्रदेश में भीषण ठंड से जनजीवन प्रभावित है। कल प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में दोपहर में हल्की धूप निकलने के बावजूद गलन में कोई कमी नहीं आयी। उधर, पश्चिमी हिस्से के कुछ जिलों में बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश जिलों में आगामी दो दिनों तक मौसम शुष्क रहने की सम्भावना जतायी है।

**********